प्रेस नोट दिनाँक-14.03.2023

(1). आज दिनाँक-14.03.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु, क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया । पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(2). आज दिनांक 14.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

(3). आज दिनांक 14.03.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में महोदय द्वारा पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया एवं पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया।
बाद परेड महोदय द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, आरक्षी बैरिक, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री सुमेर सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके पश्चात महोदय द्वारा आदेश कक्ष में अर्दली रूम किया गया।

(4). पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सूबेदार बिन्द के मार्गदर्शन में वरि0उ0नि0 थाना भरतकूप श्री यदुवीर सिंह तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 43/2023 धारा 363,366ए,354ए आईपीसी व 7/8 पॉस्को एक्ट के वाँछित अभियुक्त 1. बद्री यादव पुत्र राम मनोहर निवासी गुलाब का पुरवा 2. पंकज गुप्ता पुत्र कल्लू राम निवासी गोंडा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट 3. अंतिम लाल उर्फ बंटीगुप्ता पुत्र कमलेश निवासी कस्बा व थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. वरि0उ0नि0 थाना भरतकूप श्री यदुवीर सिंह
2. आरक्षी मोहम्मद इरफान
3. आरक्षी सतीश कुमार